झारखण्ड शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची
Jharkhand Council of Educational Research and Training, Ranchi
D.I.E.T. Campus, Ratu, Ranchi – 835222, e-mail: jcert.ran@gmail.com

पत्रांक : जे.सी.ई.आर.टी./वि.04-159/2023/......1024 राँची, दिनांक 23/07/2024

प्रेषक,

आदित्य रंजन, भा.प्र.से.
निदेशक

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,
सभी जिला शिक्षा अधीक्षक,
झारखण्ड, राँची।
सभी प्राचार्य,
बी.एड./ डी.एल.एड. प्रशिक्षण संस्थान, झारखण्ड।

विषय : **B.Ed./ D.El.Ed. प्रशिक्षुओं के विद्यालय अवलोकन एवं अभ्यास पाठ के समय साप्ताहिक विच्छेदित पाठ्यक्रम के अनुसार एकसमान प्रारुप में पाठ योजना निर्माण के संबंध में।**

महाशय/ महाशया,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड राँची के पत्रांक 1115 दिनांक 16.12.2022 के आलोक में राज्य में संचालित बी.एड./ डी.एल.एड. महाविद्यालयों में अध्ययनरत प्रशिक्षुओं के विद्यालय अवलोकन एवं अभ्यास पाठ हेतु विद्यालय का आवंटन जे.सी.ई.आर.टी., राँची के द्वारा किया जा रहा है। कुछ विद्यालयों से यह सूचना मिल रही है कि कुछ प्रशिक्षु नियमित रूप से एवं वर्ग कक्ष में जाने के पूर्व अपनी पाठ योजना का निर्माण नहीं कर रहे हैं साथ ही अलग-अलग प्रशिक्षण संस्थानों के लिए पाठ योजना प्रारुप भी अलग-अलग हैं। जे.सी.ई.आर.टी. के द्वारा सभी बी.एड./डी.एल.एड. प्रशिक्षुओं के लिए एकसमान पाठ योजना प्रारुप का निर्माण किया गया है जिसका पी.डी.एफ. इस पत्र के साथ अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

उक्त के आलोक में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं सभी जिला शिक्षा अधीक्षक अपने जिला अंतर्गत विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं प्रभारी प्रधानाध्यापकों को निदेशित करेंगे कि उनके विद्यालय में प्रशिक्षणरत बी.एड./डी.एल.एड. प्रशिक्षु अभ्यास पाठ के लिए वर्ग कक्ष में प्रवेश करने के पूर्व ही जे.सी.ई.आर.टी. द्वारा दिए गए एकसमान पाठ योजना प्रारुप में अपनी पाठ योजना का निर्माण करेंगे। राज्य के सभी सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में प्रोजेक्ट रेल के तहत प्रत्येक सप्ताह जाँच परीक्षा ली जाती है। सभी प्रशिक्षु वर्ग संचालन हेतु **अनिवार्य रूप से** अपने पाठ योजना का निर्माण प्रोजेक्ट रेल के लिए उपलब्ध कराये गये पाठ्यक्रम (साप्ताहिक

Scanned with OKEN Scanner

विच्छेदित पाठ्यक्रम) के आलोक में ही करेंगे। साप्ताहिक विच्छेदित पाठ्यक्रम विद्यालयों में उपलब्ध हैं एवं इसका लिंक पत्र के साथ अनुलग्नक के रूप में भी संलग्न है। वर्ग 1 से 8 तक का साप्ताहिक विच्छेदित पाठ्यक्रम पाठ्यपुस्तकों में भी मुद्रित है।

साप्ताहिक विच्छेदित पाठ्यक्रम के लिए लिंकः

https://drive.google.com/drive/folders/1ph3bxNMkkeCKnJQ7J9Lb0Wbt7EfzswRc?usp=drive_link

संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक से जे.सी.ई.आर.टी. द्वारा यादृक्षिक रूप से (Randomly)चिन्हित किन्हीं दो प्रशिक्षुओं के पाठ योजना के फोटो की माँग की जा सकती है जिसे उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

राज्य में अवस्थित सभी बी.एड./डी.एल.एड. प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अपने छात्र-छात्राओं को इस संबंध में अनिवार्य रूप से निदेशित करेंगे।

कृपया उपरोक्त निदेशों का दृढ़तापुर्वक अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

विश्वासभाजन

<u>अनुलग्नक</u> : यथोक्त।

आदित्य रंजन,

निदेशक

ज्ञापांक : जे.सी.ई.आर.टी./वि.04-159/2023/.......1024 राँची, दिनांकः 23 / 07 /2024

प्रतिलिपिः सभी क्षेत्रीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, झारखण्ड/ सभी प्राचार्य डायट, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक

Scanned with OKEN Scanner